प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 27.02.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

विधानसभा में आज की कार्यवाही भी विपक्षी सदस्यों के बिना जारी है। कांग्रेस के विधायकों और अन्य वरिष्ठ नेताओं की ओर से सदन के बाहर धरना दिया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सरकार पर हठधर्मिता का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार को गतिरोध दूर करने के लिए आगे आना चाहिए। विपक्ष की गैरमौजूदगी में ही प्रश्नकाल की कार्यवाही चल रही है। इस बीच पक्ष और विपक्ष के बीच जारी गतिरोध को समाप्त करवाने के लिए भी प्रयास हो रहे है। सरकार की ओर से आज शाम बजट पर हुई बहस का वित्त मंत्री दिया कुमारी जवाब देंगी।

00000

प्रदेशभर में आज से राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा रीट का आयोजन हो रहा है। दो दिन तक होने वाली इस परीक्षा में 14 लाख से ज्यादा परीक्षार्थी पंजीकृत है। अभी पहली पारी की परीक्षा हो रही है। परीक्षा केन्द्रों पर प्रवेश से पहले परीक्षार्थियों को कडे सुरक्षा मानकों से गुजरना पडा। रोडवेज और रेल्वे की ओर से परीक्षार्थियों के आवागमन के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई है। कल से भरने वाले खाटूश्याम जी मेले को देखते हुए प्रशासन ने सभी परीक्षार्थीयों को सलाह दी है कि वे अपने परीक्षा केन्द्रों पर समय से पहुंचने की सुनिश्चितता का विशेष ध्यान रखें।

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाकुंभ को एकता का महायज्ञ बताते हुए आज कहा कि देश को अपनी विरासत पर गर्व है और वह नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। श्री मोदी ने अपने विचार ब्लॉग में लिखे और आज सोशल मीडिया पर साझा किए। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन के युग की शुरुआत है जो देश का नया भविष्य लिखने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री ने कहा कि महाकुंभ में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या ने ना केवल एक रिकॉर्ड स्थापित किया है बल्कि कई शताब्दियों तक भारतीय संस्कृति और विरासत को मजबूत और समृद्ध बनाए रखने के लिए एक मजबूत नींव भी रखी है। महाकुंभ के सफल समापन पर संतोष व्यक्त करते हुए श्री मोदी ने लोगों की कड़ी मेहनत, प्रयास और दृढ़ संकल्प के लिए धन्यवाद दिया।

00000

जैसलमेर में आज से संभाग स्तरीय आरोग्य मेला आयोजित हो रहा है। चार दिवसीय इस मेले की थीम स्वस्थ भविष्य की ओर रखी गई है। आयुर्वेद विभाग के उप निदेशक डॉ. तांबल राम जुईया ने बताया कि शहीद पूनम सिंह स्टेडियम में भर रहे इस मेले में आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक, युनानी तथा होम्योपैथी पद्धति से निशुल्क उपचार किया जा रहा है। उन्होंने सभी लोगों से इसका फायदा लेने की अपील की है। इधर राज्यस्तरीय आरोग्य मेला जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में 1 मार्च से आयोजित किया जायेगा। 4 मार्च तक चलने वाले इस मेले के सफल आयोजन के लिए आयुर्वेद विभाग सभी आवश्यक तैयारियों को पूरा करने में जुटा है। इसके लिए विभाग के निदेशक डॉ. आनंद शर्मा ने कल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में डॉ. शर्मा ने आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करने और मेले परिसर में सभी स्टॉल्स के व्यवस्थित संचालन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

0000

झालावाड की झालरापाटन नगरपालिका अब वेस्ट से बेस्ट की नीति बनाकर आर्थिक स्थित मजबूत करेगी। इसके लिए नगर पालिका ने कचरे को इकट्ठा कर उपजाऊ खाद और प्लास्टिक क्रिस्टल बनाने की योजना बनाई है, इससे नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में मदद मिलेगी। नगर में प्रतिदिन 7 टन गीला और सूखा कचरा इकट्ठा कर डंपिंग यार्ड में भेज दिया जाता है, इसी से खाद और प्लास्टिक क्रिस्टल बनाकर अतिरिक्त आय अर्जित की जाएगी।

00000

प्रदेश में एक नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आज बीकानेर और जयपुर संभाग में कहीं–कहीं मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। कल बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के

कुछ भागों में मेघगर्जन और हल्की बारिश के आसार है। 1 मार्च को भी राज्य के कुछ भागों में छुटपुट स्थानों पर हल्की बारिश होने तथा शेष अधिकांश भागों में आगामी 3–4 दिन मौसम शुष्क रहने की संभावना है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार पिछले 24 घंटों में अधिकतर स्थानों पर अधिकतम तापमान 30 डिग्री सैल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। सबसे अधिक 34 दशमलव 3 डिग्री सैल्सियस तापमान चित्तौडगढ और सिरोही में रिकॉर्ड हुआ। वहीं राजधानी जयपुर में तापमान 31 दशमलव 2 डिग्री सैल्सियस रहा। इस बीच आज राजधानी जयपुर सहित बाडमेर, भीलवाडा,पाली में बादल छाये हुए है। श्रीगंगानगर में रूक–रूक कर बूंदाबांदी हुई।

00000

पाली के जोजावर में आज त्रिवेणी महादेव मेला भर रहा है। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पंहुच रहे है। प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सभी स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी रखी जा रही है। इससे पहले कल रात भक्ति संध्या का आयोजन हुआ।

00000

उद्यमशीलता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इस दिशा में प्रतिभागियों को प्रेरित करने के लिए सीएसआईआर–सीरी पिलानी में एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं और संभावित उद्यमियों को संभावनाओं तथा स्वरोजगार के अवसरों के प्रति जागरूक करना था। कार्यशाला में परियोजना सहायकों, शोधकर्ताओं और कर्मचारियों सहित दिव्यांगजन और सामान्य प्रतिभागियों ने भी भाग लिया।

00000